# मध्ययप्रदेश विधान सभा सचिवालय
## दिसम्बर,2015 सत्र में दिये गये आश्वासन

**ऊर्जा विभाग** **दिनांक: 08-12-2015**

| आश्वासन क्रमांक | प्रश्न संख्या तथा प्रश्न क्रमांक | आश्वासन का संक्षिप्त विषय | आश्वासन का रूप | शासन द्वारा की गई कार्यवाही | आश्वासन की पूर्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| **934** | तारांकित प्रश्न सं.1<br>(प्रश्न क्रं.474)<br>दि. 08-12-2015<br>(श्री हर्ष यादव) | सागर जिले के देवरी विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत खराब/फेल विद्युत ट्रांसफार्मरों को बदलने में की गई अनियमितताओं की जांच एवं जांच निष्कर्ष के आधार पर दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाना। | हम किसी बड़े अधिकारी से इसकी जांच करा लेंगे। | | |
| **935** | परिवर्तित तारांकित प्रश्न सं.12<br>(प्रश्न क्रं.216)<br>दि. 08-12-2015<br>(श्री निशंक कुमार जैन) | विदिशा जिले के बासोदा विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत लगाये गये लोहे के विद्युत खंबों में जिंक प्राइमर/कलर समय-सीमा में किया जाना। | शेष 101 लोहे के खम्बों पर जिंक प्राइमर/कलर लगाने का कार्य मार्च 2016 तक पूर्ण करवाने के प्रयास किये जा रहे है। | | |
| **936** | अतारांकित प्रश्न सं.29<br>(प्रश्न क्रं.304)<br>दि. 08-12-2015<br>(श्री सुन्दरलाल तिवारी) | रीवा जिले के ग्राम पंचायत इटार पहाड़ जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान के ग्राम पोखरा में राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना अंतर्गत विद्युतीकरण का अपूर्ण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाना। | शेष कार्य प्रगति पर है, जिसे फरवरी 2016 तक पूर्ण किया जाना अनुमानित है। | | |

# मध्ययप्रदेश विधान सभा सचिवालय
# दिसम्बर,2015 सत्र में दिये गये आश्वासन

**खनिज साधन विभाग** **दिनांक: 08-12-2015**

| आश्वासन क्रमांक | प्रश्न संख्या तथा प्रश्न क्रमांक | आश्वासन का संक्षिप्त विषय | आश्वासन का रूप | शासन द्वारा की गई कार्यवाही | आश्वासन की पूर्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| **937** | परिवर्तित तारांकित प्रश्न सं.4<br>(प्रश्न क्रं.79)<br>दि. 08-12-2015<br>(कुँवर सौरभ सिंह) | मा.उच्च न्यायालय जबलपुर के द्वारा याचिका क्र. डब्ल्यू.पी.6909/2002 एवं अन्य याचिकाओं के संबंध में पारित आदेश दिनांक 08.07.2014 के पालन में कटनी जिले में स्थित मेसर्स ए.सी.सी. लिमिटेड कैमोट (सीमेंट प्लांट संयत्र) नये सिरे से कर निर्धारण कर बकाया रायल्टी राशि की वसूली की जाना। | कर निर्धारण की कार्यवाही प्रचलन में है। | | |

## मध्ययप्रदेश विधान सभा सचिवालय
## दिसम्बर,2015 सत्र में दिये गये आश्वासन

**नगरीय विकास एवं पर्यावरण विभाग** **दिनांक: 08-12-2015**

| आश्वासन क्रमांक | प्रश्न संख्या तथा प्रश्न क्रमांक | आश्वासन का संक्षिप्त विषय | आश्वासन का रूप | शासन द्वारा की गई कार्यवाही | आश्वासन की पूर्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| **938** | तारांकित प्रश्न सं.5 (प्रश्न क्रं.93) दि. 08-12-2015 (श्रीमती ममता मीना) | गुना जिले की कुंभराज नगर पंचायत में वर्ष 2003 से 2008 की अवधि में किये गये निर्माण कार्य एवं क्रय की गई सामग्री तथा पेयजल मे हुई शिकायतों की जांच में उत्तरदायी पाये गये दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाना । | (1) मैं आश्वस्त करता हूं कि उनके खिलाफ जो भी आवश्यक ज्यादा से ज्यादा जो भी कार्यवाही नियमानुसार हो सकती है, मैं करूंगा । (2) उनको दंडित करने की कार्यवाही हम करेंगे । | | |
| **939** | तारांकित प्रश्न सं.23 (प्रश्न क्रं.153) दि. 08-12-2015 (श्री आरिफ अकील) | प्रश्नकर्ता मा.सदस्य द्वारा माह अक्टूबर 2015 में लिखे गये पत्रों में उल्लेखित बिन्दुओं की जांच एवं जांच निष्कर्ष के आधार पर दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाना । | (1) प्रस्तुत शिकायतों की जांच की जा रही है । जांच उपरांत कार्यवाही से अवगत कराया जायेगा। (2) पत्र में प्रस्तुत शिकायतों की जांच की जा रही है । | | |
| **940** | परिवर्तित तारांकित प्रश्न सं.8 (प्रश्न क्रं.127) दि. 08-12-2015 (श्री यादवेन्द्र सिंह) | तारा.प्रश्न क्र. 171 दिनांक 23.07.2015 के परिप्रेक्ष्य में स्टॉप डेम का औचित्यहीन निर्माण कराये जाने के संबंध में की गई जांच पर जांच प्रतिवेदन के निष्कर्ष के आधार पर दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाना । | संबंधितों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी । | | |
| **941** | परिवर्तित तारांकित प्रश्न सं.35 (प्रश्न क्रं.742) दि. 08-12-2015 (श्री राजेश सोनकर) | नगर पालिक निगम इंदौर सीमा क्षेत्र में सांवेर वि.स.क्षेत्र के सम्मिलित 29 ग्रामों में स्वीकृत विकास कार्यो को प्रारंभ किया जाना । | शेष 09 कार्यो के पुर्नआंवटन कर कार्य प्रारंभ कराये जा रहे है । | | |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
|---|---|---|---|---|---|
| **942** | परिवर्तित तारांकित प्रश्न सं.36<br>(प्रश्न क्रं.762)<br>दि. 08-12-2015<br>(श्री शैलेन्द्र जैन) | सागर नगर की आबादी के मध्य स्थित आरा मशीन (लकड़ी टाल) को शहर से बाहर विस्थापित किया जाना। | कार्यवाही प्रचलित है। | | |
| **943** | अतारांकित प्रश्न सं.4<br>(प्रश्न क्रं.41)<br>दि. 08-12-2015<br>(श्री यादवेन्द्र सिंह) | प्रदेश के नगर पालिका निगमों में आयुष चिकित्सकों के पद पुन: सृजित किया जाना। | वैधानिक परीक्षण किया जा रहा है। | | |
| **944** | अतारांकित प्रश्न सं.44<br>(प्रश्न क्रं.385)<br>दि. 08-12-2015<br>(श्री योगेन्द्र सिंह) | भोपाल नगर के कोलार रोड स्थित दानिश कुंज कॉलोनी में टूटी सीवेज पाईप लाईन एवं चेम्बरों की मरम्मत/ नवीनीकरण किया जाना। | प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र समस्या का निराकरण किया जावेगा। | | |
| **945** | अतारांकित प्रश्न सं.45<br>(प्रश्न क्रं.396)<br>दि. 08-12-2015<br>(श्रीमती पारूल साहू केशरी) | सागर जिले की नगर परिषद राहतगढ़ की नगरीय क्षेत्र का सीमांकन कर जनपद पंचायत राहतगढ़ की परिसंपत्तियों को नगर परिषद राहतगढ़ को हस्तांतरित किया जाना। | नगरीय क्षेत्र राहतगढ़ में जनपद पंचायत की परिसंपत्तियों नगरीय निकाय को हस्तांतरण करने एवं सीमांकन हेतु मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद राहतगढ़ के पत्र क्र. 1467-68 दिनांक 27.11.2015 द्वारा कलेक्टर, सागर को लिखा गया है। | | |
| **946** | अतारांकित प्रश्न सं.48<br>(प्रश्न क्रं.412)<br>दि. 08-12-2015<br>(श्री मधु भगत) | बालाघाट नगर पालिका सीमा अंतर्गत स्थित देवी तालाब की भूमि पर किये गये अतिक्रमणों का निर्धारण राष्ट्रीयहरित न्यायाधिकरण मध्य क्षेत्र खण्डपीठ भोपाल द्वारा दिये गये निर्देशानुसार अतिक्रमण हटाया जाना। | अग्रिम कार्यवाही किया जाना शेष है। | | |

# मध्ययप्रदेश विधान सभा सचिवालय
## दिसम्बर,2015 सत्र में दिये गये आश्वासन

**नर्मदा घाटी विकास विभाग** **दिनांक: 08-12-2015**

| आश्वासन क्रमांक | प्रश्न संख्या तथा प्रश्न क्रमांक | आश्वासन का संक्षिप्त विषय | आश्वासन का रूप | शासन द्वारा की गई कार्यवाही | आश्वासन की पूर्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| **947** | परिवर्तित तारांकित प्रश्न सं.15 (प्रश्न क्रं.251) दि. 08-12-2015 (श्री विजय सिंह सोलंकी) | खरगौन उद्वहन सिंचाई योजना में निर्माण कार्य के अनुरूप वित्तीय प्रगति न होने से ठेकेदार से अनुबंधानुसार ठेकेदार द्वारा उठाई गई आपत्तियों का शीघ्र निराकरण कर राशि की वसूली की जाना। | शेष राशि की वसूली के संबंध में गुण-दोष के आधार पर निर्णय लिया जाना प्रस्तावित है। | | |
| **948** | परिवर्तित तारांकित प्रश्न सं.16 (प्रश्न क्रं.252) दि. 08-12-2015 (श्री विजय सिंह सोलंकी) | खरगौन उद्वहन नहर योजना का अनुबंधानुसार अपूर्ण कार्य समय-सीमा में पूर्ण किया जाना। | कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। कार्य जून 2016 तक पूर्ण किया जाना लक्षित है। | | |

## मध्ययप्रदेश विधान सभा सचिवालय
## दिसम्बर,2015 सत्र में दिये गये आश्वासन

**लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग** **दिनांक: 08-12-2015**

| आश्वासन क्रमांक | प्रश्न संख्या तथा प्रश्न क्रमांक | आश्वासन का संक्षिप्त विषय | आश्वासन का रूप | शासन द्वारा की गई कार्यवाही | आश्वासन की पूर्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| **949** | स्थगन<br>(क्रमांक 16)<br>दि. 08-12-2015<br>(श्री रामनिवास रावत) | (1) शासकीय जिला चिकित्सालय बड़वानी में दिनांक 16.11.2015 को आयोजित नेत्र शिविर में आंखों के मोतियाबिंद के ऑपरेशन के दौरान उपयोग में लायी गई औषधियां की जांच कराई जाना।<br>(2) आंखों के ऑपरेशन में लापरवाही बरतने एवं अमानक दवा प्रदायकर्ता कंपनी के विरूद्ध विधिसम्मत कार्यवाही की जाना।<br>(3) मोतियाबिंद के ऑपरेशन से पीड़ित मरीजों की आंखे खराब होने की उच्चस्तरीय जांच एवं जांच निष्कर्ष के आधार पर संबंधितों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाना।<br>(4) आपरेशन के दौरान जिन मरीजों की आँखे खराब हो गई है उन्हें अजीवन पेंशन एवं दो लाख रूपये प्रति मरीज को आर्थिक सहायता दी जाना। | (1) सब की हम जांच करा रहे है।<br>(2) दोषी कोई भी किसी भी कीमत पर नहीं बख्शा जाएगा।<br>(3) इसकी उच्चस्तरीय जांच होगी, जो दवा डाली गई थी उसमें कोई कमी है वह अमानक थी तो उसकी भी जांच होगी। डीन मेडिकल कॉलेज इन्दौर और एम्स भोपाल द्वारा नामांकित विशेषज्ञ इन तीन विशेषज्ञों की टीम इसकी जांच करेगी। तथ्यों के आधार पर जो भी दोषी पाया जायेगा तो एफआईआर करने से लेकर जो सख्त से सख्त कार्यवाही आवश्यक होगी वह की जायेगी।<br>(4) जिन मरीजों की इस प्रकरण में आंख गई है उनको पांच हजार रूपये प्रति माह पेंशन आजीवन दी जायेगी, जो दो लाख रूपये की राशि दी है वह अलग से दी है, उसके अतिरिक्त जब तक वह जीवित रहेंगे तब तक यह पेंशन दी जायेगी। | | |

# मध्ययप्रदेश विधान सभा सचिवालय
## दिसम्बर,2015 सत्र में दिये गये आश्वासन

**संस्कृति विभाग** **दिनांक: 08-12-2015**

| आश्वासन क्रमांक | प्रश्न संख्या तथा प्रश्न क्रमांक | आश्वासन का संक्षिप्त विषय | आश्वासन का रूप | शासन द्वारा की गई कार्यवाही | आश्वासन की पूर्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| **950** | परिवर्तित तारांकित प्रश्न सं.27<br>(प्रश्न क्रं.399)<br>दि. 08-12-2015<br>(डॉ. गोविन्द सिंह) | भिण्ड जिले के आलमपुर कस्बे में राज्य संरक्षित स्मारक इंदौर स्टेट के महाराजा मल्हार राव होल्कर की छत्री का सीमांकन कराया जाना एवं छत्री के अधिपत्य एवं शासकीय भूमि पर किये गये अतिक्रमण को हटाया जाना। | (1). राज्य संरक्षित स्मारकों के सीमांकन हेतु कलेक्टर भिण्ड को पत्र भेजा गया था जिसकी जानकारी उपलब्ध होने पर शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाना संभव होगा।<br>(2) सीमांकन प्रतिवेदन प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। | | |

## मध्ययप्रदेश विधान सभा सचिवालय
## दिसम्बर,2015 सत्र में दिये गये आश्वासन

**सामान्य प्रशासन विभाग** **दिनांक: 08-12-2015**

| आश्वासन क्रमांक | प्रश्न संख्या तथा प्रश्न क्रमांक | आश्वासन का संक्षिप्त विषय | आश्वासन का रूप | शासन द्वारा की गई कार्यवाही | आश्वासन की पूर्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| **951** | परिवर्तित तारांकित प्रश्न सं.21 (प्रश्न क्रं.338) दि. 08-12-2015 (श्री जितू पटवारी) | इंदौर संभाग में विगत तीन वर्ष में राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी श्री सूरजलाल नागर के विरूद्ध विभागीय जांच प्रचलित रहते नियम विरूद्ध प्रवर श्रेणी वेतनमान दिये जाने की जांच एवं नियमों का उल्लघंन करने वाले संबंधितों के विरूद्ध कार्यवाही की जाना। | इस प्रकरण की जांच कराई जा रही है। | | |
| **952** | परिवर्तित तारांकित प्रश्न सं.34 (प्रश्न क्रं.738) दि. 08-12-2015 (श्री राजेश सोनकर) | जिलाधिकारी कार्यालय इंदौर की इंदौर एवं सांवेर तहसीलों की प्राप्त हितग्राहियों की शिकायतों/समस्या जनसुनवाई के लंबित आवेदन पत्रों का शीघ्र निराकरण किया जाना। | आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है। | | |